

सितम्बर-2018

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

➡ उपलब्धियाँ

➡ सराहनीय कार्य

➡ उल्लेखनीय कार्य

➡ कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

### "State Level Conference on Children in Need of Care and Protection in Contact with Railways" का आयोजन

दिनांक 11.08.2018 : यूपी–100 के हॉल में, खोये बच्चों के बारे में "State Level Conference on Children in Need of Care and Protection in Contact with Railways" विषय पर सम्पन्न कार्यशाला में बच्चों की बरामदगी, पुनर्वास एवं संरक्षण से सम्बन्धित एजेन्सियों (जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे, महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय, चाइल्ड लाइन इण्डिया फाउण्डेशन) एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों (एहसास की निदेशक श्रीमती शचि सिंह, साथी के श्री प्रमोद कुलकर्णी, चेतना के श्री संजय गुप्ता) ने भाग लेकर बच्चों की बरामदगी, पुनर्वास तथा विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला। यूनिसेफ से श्री आफताब अहमद ने जे.जे. एक्ट व एसपी (रेलवे), मुरादाबाद ने रेलवे की एसओपी को स्पष्ट किया। कार्यशाला का शुभारम्भ श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं समापन श्री अश्विनी लोहानी, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने किया। सभी संस्थाओं को मंच पर लाने हेतु एडीजी, रेलवे, श्री बी.के. मौर्य के प्रयासों की सराहना की गयी। कार्यक्रम में श्री अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव (गृह), श्री एच.सी. अवस्थी, डीजी (विजिलेंस), श्री पी.के. तिवारी, डीजी(टेलीकॉम), श्री आर.पी. सिंह, डीजी (ई.ओ. डब्ल्यू.), श्री विश्वास चौबे, महाप्रबन्धक, उत्तर रेलवे, श्री कमल सक्सेना, सचिव, महिला एवं बाल विकास, उ.प्र., आईजी, रेलवे इलाहाबाद / लखनऊ, आईजी, आरपीएफ व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।







### BPR & D के सहयोग से पुलिस कर्मियों के Skill Development हेतु कार्यशाला

दिनांक 13.08.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिसजनों के व्यवहार में सुधार हेतु बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता के परिपेक्ष्य में मार्च 2018 से लखनऊ ज़ोन के 4000 से अधिक पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण के सकारात्मक फीडबैक के आधार पर पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की पहल पर DG, BPR & D, निदेशक, IIM, लखनऊ (श्री अजित प्रसाद), TISS से (असिस्टेन्ट प्रोफेसर डा. त्रुप्ति पांचाल एवं डा. शैरेन मेनेजस), एडीजी, UP 100 / प्रशिक्षण / तकनीकी सेवायें, आईजी, लखनऊ, इत्यादि की गोष्ठी सम्पन्न हुई। गोष्ठी के उपरान्त पुलिस कर्मियों के Skill Development हेतु सॉफ्ट स्किल डेवलेपमेंट, व्यवहार परिवर्तन, दृष्टिकोण परिवर्तन, संघर्ष समाधान, तनाव प्रबन्धन, प्रक्रियात्मक न्याय तंत्र आदि विषयों से युक्त ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किये जाने तथा पॉयलेट बेसिस पर मण्डल / रेन्ज स्तर पर प्रशिक्षण कराने व प्री एवं पोस्ट ट्रेनिंग प्रभाव अध्ययन कराने का निर्णय लिया गया।







## जन कल्याण सेवाएँ

● दिनांक 14.08.2018 : जीआरपी पुलिस लाईन, लखनऊ में कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, मा. कैबिनेट मंत्री, महिला कल्याण, उ.प्र. ने श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., श्री कमल सक्सेना, एडीजी, चाईल्ड एवं वूमेन वेलफेयर, एडीजी, रेलवेज़, इत्यादि वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में किया। इस प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा रेलवे स्टेशन व उसके आस–पास जीवन यापन कर रही महिलाओं एवं बच्चों को सेल्फ एम्प्लॉएड टेलर का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर/ सक्षम बनाया जायेगा।



● दिनांक 01.08.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रामा सेन्टर में एस.डी.आर.एफ. और चिकित्सकों के लिए आयोजित 02 दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम "AAAS" (Aware-Alert-Action-Survival) के समापन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में कुलपति, के.जी. एम.यू., प्रोफेसर, चिकित्सक, एडीजी(पीएसी), वरिष्ठ अधिकारी एवं एस.डी.आर.एफ. टीम उपस्थित रही।





## सराहनीय कार्य

● दिनांक 28.08.2018 : रात्रि 22:29 बजे ट्विटर हैण्डल @komal44337466 से एक महिला के सम्मान के विरुद्ध किया गया ट्वीट वायरल हुआ। मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के सोशल मीडिया सेल ने आवश्यक कार्यवाही हेतु गोण्डा के सोशल मीडिया सेल को निर्देशित किया। ट्वीट में प्रदर्शित दोनों फोटो क्रमशः फेसबुक पेज पर दिनांक 21.12.2017 की तथा कानपुर के पास हुई ट्रेन दुर्घटना में घायल हुई महिला की दिनांक 21.11.2016 की ज्ञात हुईं। अर्थात् उक्त ट्वीट असत्य पाये जाने पर उ.प्र. पुलिस के ट्विटर हैण्डल @UPP ViralCheck ने खण्डन कर ट्विटर हैण्डल के संचालक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करके विधिक कार्यवाही हेतु गोण्डा पुलिस को निर्देशित किया।

● दिनांक 24.08.2018 : दिनांक 18.08.2018 को इटावा में एनएच सर्विस रोड के किनारे 25 वर्षीय महिला की अधजली लाश के प्रकरण में हत्या में लिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे/ निशानदेही पर सोने के जेवर, रु. 1.24 लाख नगद, कपड़े व घटना में प्रयुक्त लोडर बरामद किया।

● दिनांक 23.08.2018 : दिनांक 21.08.2018 को बदायूँ में एक महिला की सूचना पर कि दिनांक 20.08.2018 की रात्रि में उसकी 14 वर्षीय पुत्री के साथ गांव के लंकुश व दो अन्य नाम पता अज्ञात द्वारा सामूहिक दुराचार किया गया। त्वरित कार्यवाही कर लंकुश को कुछ घंटों में गिरफ्तार कर दिनांक 22.08.2018 को जेल भेजा गया।

● दिनांक 18.08.2018 : दिनांक 15.08.2018 की रात्रि में भयानक नाथ मन्दिर, औरेया में अज्ञात बदमाशों द्वारा 02 पुजारियों की धारदार हथियारों से हत्या एवं 01 पुजारी को मरणासन्न कर दिया। घटना के अनावरण हेतु गठित 07 पुलिस टीम ने तत्परता से कार्यवाही कर दिनांक 18.08.2018 को अभियुक्त मय आलाकत्ल व लूट के सामान गिरफ्तार किये।

● दिनांक 10.08.2018 : गाज़ियाबाद में हनी ट्रैप द्वारा बलात्कार का अभियोग लिखवाने की धमकी देकर धन अर्जित करने वाले गिरोह के 02 अभियुक्त एवं 02 महिला गिरफ्तार।

● दिनांक 07.08.2018 : दिनांक 03.08.2018 को कानपुर में हाई–वे के पास अज्ञात बदमाशों द्वारा बड़ौदा बैंक, उ.प्र. ग्रामीण बैंक, आवास विकास हंसपुरम में बैंक के अन्दर घुसकर बमों से हमला करते हुए असलहों के बल पर लूटे गये रु. 4,40,710.00 के अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

● दिनांक 06.08.2018 : दिनांक 30.07.2018 को लखनऊ में एक्सिस बैंक के सामने कैश वैन गार्ड की हत्या एवं कस्टोडियन को गोली मारकर हुई लूट की घटना में लखनऊ पुलिस ने अल्प समय में मुख्य अभियुक्त व उसके साथी को गिरफ्तार कर लूट का रू. 4,73,992.00 नगद व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल आदि बरामद किया। श्री राम नाईक, मा. राज्यपाल, उ.प्र. ने दूरभाष पर पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को उत्कृष्ट नेतृत्व, व्यवसायिक दक्षता के साथ अल्प समय में घटना के अनावरण पर उ.प्र. पुलिस की सराहना की।

● दिनांक 03.08.2018 : दिनांक 26.07.2018 को सर्राफा व्यापारी श्री संजय अग्रवाल चालक सुनील कुमार के साथ स्विफ्ट कार से 43 किलो चांदी के जेवरात व रू. 19 लाख नगद लेकर मेरठ से चांदनी चौक, दिल्ली गये थे। चांदनी चौक से चालक सुनील कुमार कार मय सम्पत्ति फरार हो गया। मेरठ पुलिस ने चालक सुनील कुमार के साले राहुल कुमार निवासी कानपुर नगर को गिरफ्तार कर कार, 43 किलो चाँदी व रू. 7 लाख नगद बरामद किये।

## उपलब्धियाँ

### उ.प्र. पुलिस "FICCI" अवार्ड से सम्मानित

● दिनांक 03.08.2018 : फिक्की फेडरेशन हाउस, नई दिल्ली पर प्राईवेट सिक्योरिटी इण्डस्ट्री कॉनक्लेव 2018 में श्री धर्मेन्द्र प्रधान, पेट्रोलियम मंत्री, भारत सरकार ने उ.प्र. प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण के नियंत्रक प्राधिकारी (अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, श्री आनन्द कुमार) को Best Practice for Private Security Agency Regulation Act (PSARA) E-Governance Category में, प्राईवेट अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 को प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु "फिक्की अवार्ड" प्रदान किया।




### पीटीएस, मेरठ को ISO 9001:2015 Quality Management System प्रमाण पत्र

● ISO 9001:2015 Quality Management System प्रमाण पत्र प्रदाता संस्था (रॉयल इम्पेक्ट सर्टीफिकेशन लिमिटेड) की ऑडिट टीम ने जून 2018 में पीटीएस, मेरठ का वार्षिक निगरानी आंकलन (Annual Surviellance Assessment) विविध बिन्दुओं, यथा–संरचना, गुणवत्ता नीति तथा कार्यालय प्रक्रिया आदि, पर इस संस्था को मानक के अनुरूप पाते हुए प्रमाण पत्र जारी किया है।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

दिनांक 24.08.2018 : नवंबर 23, 2007 को लखनऊ सिविल कोर्ट में करीब 13:32 बजे हुए बम विस्फोट प्रकरण में विशेष कोर्ट ने बम विस्फोट करने के लिए 02 इण्डियन मुजाहिदीन आतंकियों को दोषी करार देते हुए रु. 6–6 लाख जुर्माना व आजीवन कारावास की सजा दी है।

## एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रू.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 50,000.00 | 30.08.18 | वाराणसी | 01 |
| | 27.08.18 | इलाहाबाद | 01 |
| | 26.08.18 | इलाहाबाद | 02 |
| | 21.08.18 | नई दिल्ली | 01 |
| | 02.08.18 | बाराबंकी | 01 |
| 25,000.00 | 12.08.18 | कानपुर नगर | 01 |
| | 10.08.18 | रामपुर | 01 |
| | 09.08.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| | 03.08.18 | इलाहाबाद | 01 |
| 15,000.00 | 20.08.18 | आगरा | 01 |

- दिनांक 24.08.2018 : जाली भारतीय मुद्रा के 4 तस्कर रु.2000 के 230 नोट के साथ गिरफ्तार।
- दिनांक 22.08.2018 : उ.प्र. के सरकारी ठेकों पर बिकने वाली शराब के ब्राण्ड पर अवैध देशी शराब बनाने वाली फैक्ट्री, अवैध देशी शराब, होलोग्राम, सीलिंग मशीन, ढक्कन, रैपर सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांक 21.08.2018 : स्मैक के 03 अन्तर्राज्यीय तस्कर लखनऊ से व उ.प्र. रोडवेज में 02 फर्जी टिकट माफिया सहित 11 चालक/परिचालक/बाऊन्सर अलीगढ़ में गिरफ्तार।
- दिनांक 18.08.2018 : नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के सात लोग तथा एस.टी.एफ. के नाम पर धन उगाही करने वाले 02 लोग गिरफ्तार। दिनांक 16.08.2018 : बेसिक शिक्षा विभाग में वर्ष 2009 से दूसरे के शैक्षिक प्रमाण पत्रों पर सहायक अध्यापक/प्रधानाध्यापक पदों पर सेवारत अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांक 14.08.2018 : विभिन्न राज्यों में ए.टी.एम. कार्ड की क्लोनिंग एवं डेटा हैक करने वाला मास्टरमाइण्ड गिरफ्तार।
- दिनांक 06.08.2018 : अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का सरगना 03 साथियों सहित बदायूँ से गिरफ्तार।
- दिनांक 04.08.2018 : आजमगढ़ में अवनीश राय व नीरज यादव की हत्या करने के लिये आये कुख्यात अपराधी राजन पासी साथियों सहित पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार व पंजाब से शराब की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 06 सदस्य लखनऊ से 1160 पेटी क्रेज़ी रोमियो व्हिस्की सहित गिरफ्तार।
- दिनांक 03.08.2018 : उ.प्र. परिवहन विभाग की वेबसाइट www.upsrtconline.co.in को हैक कर लोगों को बिना भुगतान e-ticket बनाकर परिवहन विभाग को क्षति पहुँचाने वाले गैंग के 02 नाबालिगों सहित 02 अभियुक्त लखनऊ से गिरफ्तार।

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रू.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 1,00,000.00 | 19.08.18 | बलरामपुर | 01 |
| 50,000.00 | 26.08.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 18.08.18 | आजमगढ़ | 02 |
| | 14.08.18 | आजमगढ़ | 01 |
| | 12.08.18 | चित्रकूट | 01 |
| | 01.08.18 | मथुरा | 01 |
| 40,000.00 | 28.08.18 | फैजाबाद | 01 |
| | 18.08.18 | आजमगढ़ | 02 |
| 35,000.00 | 21.08.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| 30,000.00 | 25.08.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 25,000.00 | 30.08.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 30.08.18 | चन्दौली | 01 |
| | 29.08.18 | शामली | 01 |
| | 29.08.18 | मेरठ | 01 |
| | 28.08.18 | रायबरेली | 01 |
| | 27.08.18 | फतेहगढ़ | 01 |
| | 27.08.18 | चन्दौली | 01 |
| | 27.08.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| | 27.08.18 | वाराणसी | 01 |
| | 26.08.18 | शाहजहाँपुर | 01 |
| | 24.08.18 | श्रावस्ती | 01 |
| | 24.08.18 | वाराणसी | 01 |
| | 21.08.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| | 19.08.18 | चन्दौली | 01 |
| | 19.08.18 | कन्नौज | 01 |
| | 19.08.18 | मुरादाबाद | 01 |
| | 18.08.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 17.08.18 | आजमगढ़ | 01 |
| | 16.08.18 | खीरी | 01 |
| | 15.08.18 | एटा | 01 |
| | 13.08.18 | बरेली | 01 |
| | 13.08.18 | एटा | 02 |
| | 12.08.18 | आगरा | 01 |
| | 12.08.18 | मुजफ्फरनगर | 02 |
| | 12.08.18 | सम्भल | 02 |
| | 11.08.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 10.08.18 | फतेहगढ़ | 01 |
| | 09.08.18 | शाहजहाँपुर | 01 |
| | 08.08.18 | अलीगढ़ | 02 |
| | 07.08.18 | खीरी | 01 |
| | 07.08.18 | कन्नौज | 01 |
| | 07.08.18 | कानपुर | 01 |
| | 06.08.18 | झाँसी | 04 |
| | 05.08.18 | आगरा | 01 |
| | 04.08.18 | फतेहगढ़ | 02 |
| | 02.08.18 | मऊ | 01 |
| | 01.08.18 | अलीगढ़ | 01 |
| | 01.08.18 | बदायूँ | 01 |
| 20,000.00 | 28.08.18 | सम्भल | 01 |
| | 27.08.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 02.08.18 | अलीगढ़ | 01 |
| | 01.08.18 | हाथरस | 01 |
| | 01.08.18 | गाजीपुर | 02 |
| 15,000.00 | 30.08.18 | मथुरा | 01 |
| | 30.08.18 | बुलन्दशहर | 03 |
| | 26.08.18 | जौनपुर | 01 |
| | 23.08.18 | मथुरा | 01 |
| | 22.08.18 | रामपुर | 01 |
| | 19.08.18 | गाजीपुर | 01 |
| | 12.08.18 | मथुरा | 01 |
| | 03.08.18 | मथुरा | 01 |
| | 01.08.18 | गाजीपुर | 01 |
| 10,000.00 | 31.08.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 29.08.18 | शामली | 01 |
| | 28.08.18 | चन्दौली | 01 |
| | 19.08.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 19.08.18 | खीरी | 01 |
| | 19.08.18 | शाहजहाँपुर | 02 |
| | 16.08.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 12.08.18 | शामली | 01 |
| | 08.08.18 | मुरादाबाद | 01 |
| | 06.08.18 | बुलन्दशहर | 02 |
| | 03.08.18 | सम्भल | 01 |
| | 02.08.18 | एटा | 01 |
| 5,000.00 | 31.08.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 22.08.18 | मेरठ | 01 |
| | 06.08.18 | सहारनपुर | 02 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद बरेली, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, फर्रूखाबाद, अमरोहा, मेरठ, फिरोज़ाबाद, मथुरा, कानपुर नगर, कानपुर देहात, एटा, बुलन्दशहर, शामली, चंदौली, ललितपुर, चित्रकूट, रायबरेली, कासगंज, मुरादाबाद, आगरा, मुजफ्फरनगर, जालौन, बदायूँ, फतेहगढ़, इटावा, झाँसी, पीलीभीत, कौशाम्बी, बिजनौर, महराजगंज, मऊ, हापुड़, अमेठी इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, जाली नोट, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

## पदोन्नति

दिनांक 31.08.2018 : 7,360 मुख्य आरक्षी (ना.पु.) को उप निरीक्षक (ना.पु.) के पद पर वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही पदोन्नत किया गया।

## आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र संख्या–46/2018 दिनांक 24.08.2018 द्वारा न्यायालयों में जघन्य अपराधों से सम्बन्धित प्रचलित अभियोगों की प्रभावी पैरवी हेतु मॉनीटरिंग सेल गठित किये जाने हेतु निर्देश,

2) डीजी–परिपत्र संख्या–45/2018 दिनांक 09.08.2018 द्वारा जनपद में स्थित महिला एवं बाल संरक्षण गृहों की अनुज्ञप्ति एवं उनकी कार्य प्रणाली का परीक्षण करने के पश्चात ही महिलाओं, बालिकाओं एवं बालकों को उक्त संरक्षण गृहों में दाखिल कराये जाने हेतु निर्देश,

3) डीजी–परिपत्र संख्या–44/2018 दिनांक 07.08.2018 द्वारा क्रिमिनल अपील संख्याः 1375–1376/2013 एशियन रिजरफेसिंग ऑफ रोड एजेन्सी प्रा.लि. व अन्य बनाम सी.बी.आई. में मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के अनुपालन हेतु निर्देश, एवं

4) डीजी–परिपत्र संख्या–43/2018 दिनांक 01.08.2018 द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश।

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने अगस्त 2018 में निम्न निर्देश भी दिये हैं–

1. जनपदवार अभियोगों पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत 12 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के साथ घटित दुष्कर्म/हत्या के चिन्हित 03 संवेदनशील अभियोगों की त्वरित पैरवी हेतु गठित स्पेशल टास्क फोर्स (मा. उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में) के माध्यम से करने हेतु निर्देश,
2. उ.प्र. शासन से निर्गत ''उ.प्र. मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 2013'' का शीर्ष प्राथमिकता पर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने/कराते हुए प्रदेश के समस्त जनपदों के चिकित्सकों एवं अस्पताल, क्लीनिक एवं नर्सिंग होम तथा उनके स्टाफ की नियमानुसार समुचित सुरक्षा व्यवस्था हेतु निर्देश,
3. अपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु आकस्मिक वाहन चेकिंग प्रणाली में गुणात्मक सुधार लाने हेतु निर्देश,
4. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की समुचित सुरक्षा–व्यवस्था हेतु निर्देश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी अभियानों की उपलब्धियाँ

- मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र. के निर्देशन में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा भ्रष्टाचार निवारण संगठन को प्रदत्त निर्देशानुसार भ्रष्टाचार में लिप्त कार्मिकों के विरूद्ध दिनांक 01.01.2018 से 27.08.2018 तक सम्पन्न अभियानों में निम्नानुसार कुल 51 सफल ट्रैप्स किये गये–

| क्र. | विभाग | ट्रैप्स की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पुलिस विभाग | 5 |
| 2 | कृषि विभाग | 3 |
| 3 | पंचायतीराज विभाग | 4 |
| 4 | राजस्व | 17 |
| 5 | उ0प्र0 पावर कारपोरेशन | 6 |
| 6 | आवास विकास परिषद | 1 |
| 7 | उद्यान विभाग | 1 |
| 8 | बेसिक शिक्षा विभाग | 1 |
| 9 | लोक निर्माण विभाग | 1 |
| 10 | चिकित्सा विभाग | 3 |
| 11 | खाद्य एवं रसद विभाग | 1 |
| 12 | खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग | 2 |
| 13 | मनोरंजन कर विभाग | 1 |
| 14 | सिचाई विभाग | 1 |
| 15 | विपणन विभाग | 1 |
| 16 | स्थानीय निकाय विभाग | 1 |
| 17 | चकबन्दी विभाग | 1 |
| 18 | श्रम विभाग | 1 |
| | योग | 51 |

उक्त 51 ट्रैप्स में कुल रु. 10,50,100.00 (दस लाख पचास हजार एक सौ मात्र) की धनराशि ट्रैप की गयी।

- गम्भीर अपराधों/गैंगेस्टर एक्ट के गैर जमानती वारण्टियों के 02 दिवसीय गिरफ्तारी अभियान में 4,240 गिरफ्तारियाँ की गयीं।

| ज़ोन | गिरफ्तारी | ज़ोन | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| मेरठ | 513 | वाराणसी | 578 |
| आगरा | 597 | लखनऊ | 613 |
| कानपुर | 311 | इलाहाबाद | 416 |
| गोरखपुर | 587 | बरेली | 625 |

- शासन के निर्देशों के अनुपालन हेतु इलाहाबाद में भू–माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए 1150 बीघा से अधिक की लगभग रू. 2,000 करोड़ की सम्पत्ति अवमुक्त करायी।

## विविध

- दिनांक 30/31.08.2018 : मेदांता मेडिसिटी हॉस्पिटल, गुडगाँव ने, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की पहल पर, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. पर दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न किया जिसमें मेदांता के 03 चिकित्सकों (डा. एस.के. तनेजा, डा. स्मिता कुमार, डा. रागिनी सहगल सेठी) ने मशीनों द्वारा ECG, PFT, RBS, BP, Dental Screening आदि जाँच कीं जिससे 210 अधिकारी/कर्मचारी लाभान्वित हुए।



- दिनांक 26.08.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने लखनऊ में आशा ज्योति केन्द्र एवं मदर टेरेसा फाउण्डेशन द्वारा संचालित ''प्रेम निवास'' में जाकर राखी बँधवाई। प्रदेश के समस्त जनपदों में विभिन्न स्थानों पर पुलिसजनों ने महिलाओं एवं बच्चियों से राखी बँधवाई एवं उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

## स्वतंत्रता दिवस-2018 पर सम्मान

दिनांक 15.08.2018 को स्वतंत्रता दिवस की 72वीं वर्षगांठ पर श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद 02 सराहनीय सेवा पुलिस पदक, 03 उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, 03 सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह व पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के 41 प्रशंसा चिन्ह (08–स्वर्ण, 33–रजत) ससम्मान प्रदान किये व प्रेरणादायक सम्बोधन किया। इसके उपरान्त विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधे भी रोपित किये गये।





## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण कार्यक्रम

दिनांक 04.08.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की चित्रकूटधाम परिक्षेत्र की समीक्षा बैठक में एडीजी, इलाहाबाद ज़ोन, डीआईजी, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, परिक्षेत्रीय जनपदों के एसपी/प्रभारी एवं राजपत्रित अधिकारी तथा हेड मोहर्रिर उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के परिपत्रों का कड़ाई से पालन, पुलिसिंग के साथ पुलिस की छवि में सुधार के निर्देश दिये गये। थाना कोतवाली नगर का निरीक्षण, पुलिस परिवार कल्याण एवं जनजागरूकता प्रयासों का जायजा, उ.प्र. के प्रथम ई–मालखाना, नवनिर्मित महिला सम्मान कक्ष, आधुनिक जिमनेज़ियम हॉल का उद्घाटन किया। पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा निष्प्रयोज्य वस्तुओं से तैयार आकर्षक वस्तुओं/आर्ट क्राफ्ट की प्रशंसा व कक्षा–10वीं एवं 12वीं में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया। जवानों, अधिकारियों एवं कॉप आफ द मंथ के साथ भोजन किया।





- दिनांक 02.08.2018 : एपीटीसी, सीतापुर से प्लाटून कमाण्डर, पीएसी का बेसिक कोर्स उत्तीर्ण करने वाले 51 नये प्लाटून कमाण्डर, पीएसी को श्री आर.के. विश्वकर्मा, एडीजी, पीएसी ने नियुक्ति आदेश प्रदान किये।



निर्देशन : श्री दीपक रतन, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के सहायक। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री राहुल श्रीवास्तव, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500